हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 27 जुलाई 2025

06 एसडीईआरएफ की टीम ने स्थानीय प्रशासन...


09 पुण्यतिथि पर पौधरोपण करना सार्थक और...






### 24 घंटे में 17.8 मिमी वर्षा दर्ज

**विदिशा।** जिले में पिछले 24 घंटों में शनिवार की सुबह 8 बजे तक 17.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 552.2 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 442.6 मिमी हुई थी।

## किसानों की कारीगरी में कुदरत ने भरे रंग..

विदिशा। जिलेभर में किसान धान की रोपाई के काम में जुटे हैं। वहीं तेज बारिश के कारण धान के गढ़े भी भर गए हैं। किसानों ने धान रोपाई के लिए जो खेत तैयार कर मेंड़ें बनाई हैं उन्होंने खेतों को कुछ अलग ही आकार दे दिया है। ड्रोन कैमरे से जब धान के खेतों का फोटो लिया गया तो किसानों की कारीगरी का अद्भुत दृश्य नजर आया। किसानों की इस कारीगरी में कुदरत ने भी अपने रंग भर दिए हैं। आसमान में काली घटनाएं तो कभी सफेद बादलों के बीच निकलती धूप इस दृश्य को और भी सुंदर बना रही है। इस वर्ष 92 हजार 250 हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई है।

**खबर संक्षेप**

### झीलकुआं मंदिर से आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

**विदिशा।** झीलकुआं हनुमान मंदिर से प्रतिवर्ष निकाली जाने वाले कांवड़ यात्रा आज रविवार सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी। झील कुआं हनुमान मंदिर शिवालय से शुरू होकर कांवड़ यात्रा बेतवा के बड़वाले घाट पर पहुंचेगी। जहां से जल लाकर कावड़िए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर के पुजारी राजू महाराज व मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह ने वार्डवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कांवड यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### डीएफओ बने वन सेवा संगठन सहायक सचिव

**विदिशा।** भारतीय वन सेवा संगठन मप्र के भोपाल में आयोजित चुनाव में विदिशा के



डीएफओ हेमंत यादव को सहायक सचिव पद पर निर्वाचित किया गया। यह चुनाव प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रदेशभर के आईएफएस अधिकारियों द्वारा प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। डीएफओ यादव की नियुक्ति पर विदिशा जिले के समस्त वन विभाग कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 30 को

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआइसी केंद्र में आरंभ होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त व्हीसी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### पेंशन प्रकरण 31 तक उपलब्ध कराने के निर्देश

**विदिशा।** जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों की जानकारी संकलित की गई है। उक्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 31 जुलाई तक पेंशन कार्यालय में प्रेषित करें, नियत तिथि तक आपके द्वारा पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय विदिशा में प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर द्वारा 4 अगस्त को आयोजित टीएल में अप्राप्त पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें उपयुक्त कारण स्पष्ट न होने पर कलेक्टर द्वारा संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी व शाखा प्रभारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पेंशन प्रकरणों को जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने में कोई कठिनाई आने पर जिला पेंशन कार्यालय में पदस्थ अमले द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

**प्रदर्शन: जर्जर सड़कों के विरोध में धरना देकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

## भ्रष्टाचार, टैक्स वृद्धि और खाद संकट जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में खस्ताहाल सड़कों और जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार पर जनता को मूलभूत सुविधाएं न देने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को किसी भी तरह की राहत नहीं मिल रही। गली-गली में खुलेआम शराब बिक रही है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गोमाता सड़कों पर बेसहारा घूम रही हैं। धरने में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि भाजपा की सरकार न सड़कों की मरम्मत करवा रही है, न ही जनता को राहत पहुंचा रही है।

शहर की सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हैं, जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नगरपालिका ने टैक्स बढ़ा दिए, लेकिन सुविधा शून्य हैं। किसानों को खाद के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया और राजस्थान के स्कूल में छत गिरने की घटना में मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि माधवगंज पर धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष बोहत, गगनेंद्र रघुवंशी, बाबूलाल वर्मा, नंदकिशोर शर्मा, विद्या यादव, सुजीत देवलिया, रमेश तिवारी, राजेश दुबे, रवि साहू, सुरेश यादव, यदुवीर सिंह, गोविंद सिंह राजपूत हरुखेड़ी, मजीद भाई, बीडी शर्मा, आशीष माहेश्वरी, जाज खान, बृजेश तिवारी, रवि साहू, राजेंद्र दांगी, रामराज दांगी, अमित मेहता, राजकुमार पासी, जवाहर कुशवाह, कपिल गोस्वामी, बंटी सक्सेना, आकाश शर्मा, दिनेश जैन, निर्मल जैन, रजनीश व्यास, रूप सिंह किरार, पार्थ रघुवंशी, नीलू यादव, राजनारायण शर्मा, मलखान मीणा, गोविंद भार्गव, अंकुर गुप्ता, असलम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विदिशा। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन देते हुए कांग्रेसी।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 31 को होगी

**विदिशा।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति करेंगे। समिति के सदस्य सचिव एवं कृषि उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य पूर्ति एवं पंजीयन प्रक्रिया पर चर्चा होगी। कृषि विभाग की संचालित योजनाएं, अनुदान राशि, मूंग उपार्जन, खाद-बीज की उपलब्धता, कृषि अभियांत्रिकी एवं कस्टम हायरिंग सेंटर की प्रगति पर विमर्श होगा। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### रिनिया में मकान ढहा



**विदिशा।** लगातार बारिश के कारण ग्राम रिनिया में नारायण कुशवाह का मकान बारिश में ढह गया है। लगा हुआ लालाराम कुशवाह का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया है, उनका मकान कभी भी ढह सकता है। नटेरन एसडीएम अजयप्रताप पटेल ने शासन से मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

## 6 उर्वरक, 4 कीटनाशक दुकान, 2 बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में कीटनाशक दवा दुकानों पर कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। उर्वरक, कीटनाशक और बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कई प्रतिष्ठानों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कृषि उप संचालक ने 12 दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। जिनमें 6 उर्वरक, 4 कीटनाशक तथा 2 बीज विक्रेता शामिल हैं।

उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी गुण नियंत्रण निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को कृषि आदान का पक्का बिल देना अनिवार्य है। किसानों से भी अपील की गई है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही उर्वरक, बीज और कीटनाशक खरीदें तथा सामग्री खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लें, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

**इन उर्वरक विक्रेताओं पर की गई कार्रवाई**

- मेसर्स महादेव कृषि सेवा केंद्र, विदिशा।
- मेसर्स सीड वाला बाबा, विदिशा।
- मेसर्स शिवांस ट्रेडर्स, सिरोंज।
- मेसर्स देववति ट्रेडर्स रतनबर्री, सिरोंज।
- मेसर्स रघुवंशी एग्रो, बासौदा।
- मेसर्स ठकरेले कृषि सेवा केंद्र, ऊहर बासौदा।

**इन कीटनाशक विक्रेताओं पर भी हुई कार्रवाई**

- मेसर्स आदित्य कृषि सेवा केंद्र, सिरोंज।
- मेसर्स नरेन्द्र कृषि सेवा केंद्र, सिरोंज।
- मेसर्स महादेव कृषि सेवा केंद्र, विदिशा।
- मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केंद्र, पथरिया (सिरोंज)।
- मेसर्स बांके बिहारी कृषि सेवा केंद्र, बासौदा।
- मेसर्स मान्या कृषि सेवा केंद्र, बेहलोट (बासौदा)।

## बेतवा किनारे बसे 20 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले में हो रही लगातार भारी वर्षा एवं बेतवा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी किनारे बसे परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ने बताया कि नगरपालिका दल ने 20 परिवारों के कुल 73 लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया है। विस्थापित परिवारों को तुरंत राहत उपलब्ध कराते हुए भोजन एवं आवश्यक सामग्री वितरित की गई। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देकर सहयोग करें।

## दिनदहाड़े इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी, नशे में धुत आरोपी को दुकानदार ने पीछा कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बंटीनगर क्षेत्र की आमवाली कॉलोनी में शुक्रवार को एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में दिनदहाड़े चोरी हुई। एक युवक ने मौका देखकर गल्ले में रखे नगद रुपए चोरी कर लिए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार शैलेन्द्र धाकड़ ने बताया कि वह कुछ देर के लिए पास ही गए थे। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधकर एक युवक दुकान में घुसा। उसने गल्ले से करीब 3-4 हजार नकद लेकर फरार हो गया। जब दुकानदार लौटे, तो उन्होंने तिजोरी खुली पाई और तुरंत सीसीटीवी फुटेज देखी। फुटेज में युवक की हरकतें साफ नजर आईं। दुकानदार ने बताया कि आरोपी उस वक्त नशे में धुत था। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि युवक पहले भी कई जगहों पर चोरी कर चुका है। आरोपी की पहचान शिवश्व नामदेव पुत्र एकिश बाकेश नामदेव के रूप में हुई है। उसे 100 डायल कर पुलिस के हवाले किया गया। शैलेन्द्र धाकड़ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इससे क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि आरोपी की हरकतों से स्थानीय व्यापारी भयभीत हैं।

**स्कूटी से डेढ़ किलोमीटर तक पीछा किया**

शैलेन्द्र पुलिस में शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे। तभी आरोपी उन्हें चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जब उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने लगा। दुकानदार ने स्कूटी से करीब डेढ़ किलोमीटर तक पीछा किया। बंटी नगर के पास आरोपी को पकड़ लिया गया। इस दौरान उसकी शर्ट फट गई। तलाशी में उसकी जेब से एक इंजेक्शन बरामद हुआ।

## स्कूल का भवन जर्जर स्थिति में एनएसयूआई ने दे डाली चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सरकारी स्कूलों की पोल खोलो अभियान के तहत शनिवार को एनएसयूआई प्रदेश सचिव जयंत अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता माधवगंज क्रमांक 2 स्थित टैगोर शाला पहुंचे। स्कूल की दीवारें टूटी मिलीं, वाटर कूलर लंबे समय से बंद हैं और छतों से लगातार पानी टपकने के कारण कई जगहों पर पन्नियां बिछाकर इंतजाम किया गया है। मैदान में पानी भरा होने से बच्चों का स्कूल आना-जाना भी खतरे से खाली नहीं है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई नजर आई। जयंत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूलों में सुविधाएं देने के दावे तो करती है, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। उन्होंने इसे पढ़ाई और सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ बताया। उनका कहना था कि ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। एनएसयूआई ने मांग रखी है कि स्कूल भवनों की स्थिति में अविलंब सुधार किया जाए। चेतावनी भी दी गई कि यदि जल्द सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

### एसएटीआई कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

**विदिशा।** करगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को एसएटीआई कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। नशे की बुराइयों पर आधारित शॉर्ट फिल्म और वीडियो प्रदर्शित की गई, जिसे सभी ने गंभीरता से देखा। प्रेरणादायक भाषण, पोस्टर प्रजेंटेशन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख दी गई। कार्यक्रम में करगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप 2 मिनट का मौन रखा गया। एसपी ने युवाओं से राष्ट्रनिर्माण और समाज सेवा में जुटने की अपील की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल, रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. जनार्दन जादौन, व अन्य गणमान्य मंचासीन रहे। यह कार्यक्रम युवाओं को नशामुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करने सराहनीय पहल है।

**श्रावण मास में शहर में जगह-जगह हो रहे धार्मिक आयोजन**

## पुण्यकालेश्वर महादेव की शाही सवारी निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

श्रावण मास के अवसर पर बेतवा नदी के बड़वाले घाट से लेकर अयोध्या नगर स्थित पुण्यकालेश्वर महादेव मंदिर तक भगवान भोलेनाथ की पहली ऐतिहासिक शाही सवारी निकाली गई।

यात्रा की शुरुआत दोपहर 12 बजे बेतवा तट पर भगवान शिव के अभिषेक से हुई। अभिषेक के बाद भगवान को सुंदर सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया। जैसे ही पालकी यात्रा प्रारंभ हुई, पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोषों से वातावरण शिवमय हो गया। डमरू, ढोल, मंजीरे और भजन-कीर्तन की गूंज से नगर में उत्सव जैसा दृश्य बन गया। शाही सवारी रामलीला चौराह और राजपूत धर्मशाला होते हुए अयोध्या नगर स्थित शिवधाम मंदिर तक पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया।

सेन समाज के रितेश सेन, मनीष सेन, डॉ. पुरुषोत्तम चंदेल एवं विशाल साहू ने स्वागत मंच सजाया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग हर्षोल्लास से शामिल हुए। भगवान शिव की सेवा मंदिर के पुजारी यशवंत गिरी गोस्वामी ने की, वहीं पालकी को कंधों पर उठाने का सौभाग्य मंदिर व्यवस्थापक एवं रेल सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन सहित अनेक श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन अयोध्या नगर स्थित शिवधाम मंदिर में आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन में पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, सनातन हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, अखिलेश राजपूत, नवीन दांगी, मनीषा राजपूत, नवनीत कुशवाह मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र सिंह राजपूत, सह संयोजक राहुल धाकड़, विवेक गोस्वामी व कोषाध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत ने श्रद्धालुओं का तिलक कर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। यह पहली शाही सवारी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शिवभक्तों की श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक बनकर उभरी। श्रद्धा और उत्साह के इस संगम ने विदिशा की आध्यात्मिक परंपराओं को एक नया इतिहास दे दिया।



विदिशा। बेतवा के बड़वाले घाट से शुरू हुई शाही सवारी का हुआ स्वागत।

### स्वदेशी मंच का विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग आज

**विदिशा।** स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमीर के लक्ष्य को लेकर जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन आज परिणय गार्डन में सुबह 10:30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केशव दुबौलिया (क्षेत्र संगठन मंत्री, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) होंगे। अध्यक्षता रामकिशोर अग्रवाल (जिला सहसंघचालक) करेंगे। मुख्य अतिथियों में विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह, एसएटीआई संचालक योगेंद्र जैन, उद्योगपति दुष्यंत जैन शामिल होंगे। आयोजन में जिले के व्यापारी, उद्योगपति, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। यह जानकारी विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत ने दी।

## खबर संक्षेप

### नपा ने विभिन्न वार्डों में कराई साफ-सफाई



**गंज बासौदा।** नगर पालिका सफाई आमले ने नगर के विभिन्न वार्डों में साफ, सफाई कराई गई। इस दौरान वार्ड नंबर 6 कृपाराम वाली गली में संजू यादव के घर के सामने वाली नाली की सफाई करवाई गई। इस दौरान वार्ड पार्षद, आरके नेमा, अभिषेक श्रीवास्तव, संतोष प्रभारी दरोगा , शीतल खरे प्रभारी मेट मौजूद रहे। वहीं वार्ड क्रमांक 10 पुराने बस स्टैंड पर स्मारक के आसपास की सफाई जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई गई, बगल वाली नाली की सफाई कर्मचारी द्वारा कराई गई एवं मलवा जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में भरवारा गया। इस दौरान संतोष प्रभारी दरोगा, विनोद कुमार प्रभारी मेट सहित सफाई अमला मौजूद रहा।

### पौधरोपण कर साउंड सिस्टम भेंट किया



**गंजबासौदा।** आज ग्राम छीपनी में रिटायर्ड ट्रेन मास्टर अजय कुमार गुप्ता एवं मित्रों के द्वारा 4 पौधों का रोपण ग्राम के समीप स्थित प्राचीन माता के मंदिर में किया गया। साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले पंडित को एक साउंड सिस्टम भेंट किया, जो कि मंदिर में भजनों के लिए लगा रहेगा। पौधा रोपण में प्रवेन्द्र रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, कांशीराम रघुवंशी, गोलू रघुवंशी, संतोष, सतेन्द्र रघुवंशी, मुकेश शर्मा, अजय गुप्ता, एवन सिंह विश्वकर्मा सहित ग्राम के सदस्य उपस्थित रहे।

### कुपोषितों को मिली किट और 3 माह का राशन

**गंजबासौदा।** कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के लिए नवाचार शुरू किया है। इसके तहत गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण संजीवनी किट दी जा रही है। किट में चना, मूंगफली, गुड़, फ्लेवर्ड मिल्क पाउडर, घी जैसे पोषक खाद्य पदार्थ शामिल हैं। सेक्टर 2 वीलाढाना के आंगनवाड़ी केंद्रों गढायला, आटासेमर 1, 2 और 3, नानूखेड़ी में किट का वितरण किया गया।किट में तीन महीने तक के लिए पर्याप्त पोषक सामग्री दी गई है। इसके साथ एक पुस्तिका भी दी गई है, जिसमें किट की सामग्री से बनने वाले व्यंजनों की विधि बताई गई है। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक स्वर्णिमा सोनी, आटासेमर पंचायत की सरपंच गीता बाई, जन शिक्षक शंभू सिंह अहिरवार, सचिव मौजूद रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के घर जाकर किट के उपयोग की निगरानी की जाएगी।

# कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शहीदों की स्मृति में पौधारोपण कर उनका बलिदान याद किया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भाषणों और कविता पाठ के माध्यम से देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई और इसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। कॉलेज निदेशक कमलेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कारगिल युद्ध हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। पौधारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा है बल्कि यह शहीदों के प्रति हमारी भावनात्मक श्रद्धांजलि भी है। इस कार्यक्रम में



भाग लेने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओं में तोशिफ, सुमित, राजा, शरद, राघव, सुहानी, सिद्धि, वैष्णवी, नैन्सी, मदीहा, अर्सलान, पुष्पलता, दिशा, अभि, जतिन, प्रज्ञा, पूर्वी, प्रतिभा, चंचल, कंचन, प्रीति, ऋषिका, ईया, अंजलि, संजय, अल्फिया, अनुरूति और कुलदीप आदि विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी शहीदों की गाथा को याद रख सकें। कार्यक्रम का समापन 'जय हिन्द' के जयघोष और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सहित बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

उधर भाजपा ने जयस्तंभ चौक पर और पूर्व सैनिक संगठन ने पुराने बस स्टैंड स्थित प्रस्तावित शहीद स्मारक पर कारगिल विजय दिवस मनाया और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा अन्य संगठनों एवं संस्थाओं ने भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## गत शाम बेतवा नदी में बही महिला की दूसरे दिन भी तलाश जारी

# एसडीईआरएफ की टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ दिन भर की सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत शाम को बेतवा नदी के गंज पुल से उफनती बेतवा नदी में गिरी महिला की बीती रात के बाद शनिवार को दूसरे दिन भी तलाश की जाती रही। इस तलाश अभियान में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में तीन बोट और एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के करीब 26 जवान और अन्य अमला लगा हुआ है। वहीं जनप्रतिनिधि, नागरिक और ग्रामीण भी इस सर्चिंग अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस ग्राम मुटर्रा निवासी 45 वर्षीय राजकुमारी दांगी पत्नी स्व जसवंत सिंह दांगी अपने परिजनों के साथ पार्थिव शिवलिंग विसर्जन करने बेतवा नदी के गंज पुल पर गई थी। तभी अचानक अनियंत्रित होकर वे नदी में जा गिरीं और तेज बहाव में बहने लगीं। उन्हें बचाने के लिए एक युवक ने भी नदी में छलांग लगाई, लेकिन बहाव तेज होने से वह उन तक नहीं पहुंच सका। बाद



में प्रशासन को सूचना मिलने पर नदी में महिला की तलाश शुरू कर दी गई। बीती रात भर तलाश के बाद शनिवार सुबह से प्रशानिक एवं पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीईआरएफ की टीम ने गंजबासौदा से दो बोट और होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के 16 जवानों और कुरवाई से एक बोट एवं करीब 10 जवानों के साथ नदी में सर्चिंग की, लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चल सका। उधर इस सर्चिंग अभियान मे ग्रामीणों और नागरिकों के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन ने भी सहभागिता की और बोट पर सवार होकर महिला की तलाश की। खबर लिखे जाने तक लापता राजकुमारी दांगी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रशासन ने नागरिकों से अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए अपील की है कि वर्षा काल में नदी, नालों में अत्यधिक जल भराव होने से जल स्त्रोतों के पास ना जाएं तथा नदी या अन्य जल स्त्रोतों में विसर्जन करते समय पूर्ण सतर्कता एवं सुरक्षा उपायों का पालन करें।






# भगवान महादेव ने सर्वप्रथम वारों की कल्पना की: पं धर्मेन्द्र भार्गव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी नगर पालिका के पीछे श्री जटाशंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने कथा सुनाते हुए कहा सूतजी कहते बिना अग्नि के जिस प्रकार देवयज्ञ होता है उसे सुनों सर्वप्रथम करुणाकर महादेव ने जगत कल्याण की भावना से वारों की कल्पना की। संसार के वैद्य सर्वज्ञ परमात्मा शिवजी ने आरोग्य देने वाले आदित्य वार का निर्माण किया। इसके बाद समपत्ती कारक अपनी माया का वार चन्द्रवार निर्मित किया इसके बाद दुर्गती का नाश करने वाले भोमबार का निर्माण किया आलस्य तथा पाप के नाश के लिये बिष्णु जी का दिन बुधवार निर्मित किया पुष्टि तथा रक्षा एवं आयु देने बाले वृहस्पति वार निर्माण किया त्र्यलोक का निर्माण करने बाले ब्रम्हा के दिन शुक्रवार का निर्माण किया पुनः संसार की आयु के लिये परमात्मा से शनिवार का निर्माण किया आदित्य ( रवि ) बार के देवता शिव जी सोमवार की दुर्गा देवी मंगल के स्कन्ध बुध वार के बिष्णु जी वृहस्पति के यम शुक्र के व्रम्हा तथा शनि के इन्द्र स्वामी है कल्याण की इच्छा रखने बालों को जिस दिन के जो देवता है उन देवताओं पूजन से यज्ञ का फल प्राप्त होता है।

# नशा मुक्ति अभियान पर नवांकुर में संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विदिशा से पधारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, विशेष अतिथि के रूप में नगर निरीक्षक एस एस लोधी, नगर निरीक्षक संजय वेदिया उपस्थित थे। एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती माता का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। स्काउट दल ने बैंड धुन बजाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। रासेयो बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। पुष्पेंद्र मालवीय एवं ऋषभ रघुवंशी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित जानकारियाँ एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने रासेयो के प्रेरक गीतों के बारे में बताया एवं वादन दल के साथ एक प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किया। प्रिंस रैकवार ने हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वंयसेवकों द्वारा नाटक प्रस्तुत कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। गायन दल ने नशा मुक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय सीएम राइज, रतन बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गायन, चित्रकला, नाटक, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश



शासन पुलिस विभाग द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी, है जरूरी चलाया जा रहा है, जिसमें जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के जरिए समाज को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है।अतिथि संबोधन की श्रृंखला में बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रशांत चौबे जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नशा आतंकवाद तेजी से फैल रहा है। राष्ट्र को नशे का आदि बनाकर खोखला बनाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए आपने विद्यार्थियों से नशा और नशाखोरों से सतर्क रहने की आवश्यकता बताई तथा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ शिक्षक संदीप रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं सहित डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली, स्काउट प्रभारी भागीरथ शर्मा, रासेयो सहायक प्रभारी विनय सोनी आदि भी उपस्थित थे।

# स्वयं सेवकों व स्काउट गाइड्स ने घर-घर दस्तक देकर असाक्षरों का सर्वे किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के स्वयंसेवकों तथा डॉल्फिन स्कूल के स्काउट गाइड्स द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 बेदनखेडी तथा आसपास के क्षेत्रों में घर-घर असाक्षरों का सर्वे किया गया। सर्वे कार्य हेतु अलग-अलग दल बनाये गये। इस दौरान 120 से अधिक असाक्षरों की पहचान की गई तथा उनकी आईडी लेकर एन आई एल पी एप पर उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। संपूर्ण सर्वे कार्य के दौरान में सीआरसी भगवती सक्सैना तथा साक्षरता समन्वयक जेहरा नकवी सर्वे दल के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वे दल के सदस्यों ने घर-घर दस्तक देकर साक्षर लोगों का परिचय लिया, उनकी पहचान की तथा उन्हें डिजिटल लिटरेसी (साक्षरता) के बारे में बताया। एन



आई एल पी ऐप पर असाक्षरों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा व अन्य शिक्षकगण भी दल के साथ थे और उनका मार्गदर्शन कर रहे थे। वार्ड क्रमांक 8 के नागरिकों ने बहुत रुचि के साथ रासेयो के स्वयं सेवकों, स्काउट गाइड तथा शिक्षकगणों को सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 2027 तक प्रदेश को पूर्ण साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। इस दौरान बासौदा विकासखंड में भी 15 वर्ष से अधिक वर्ष के असाक्षरों को नवसाक्षर बनाने समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों द्वारा सर्वे करके एनआईएलपीएप पर असाक्षरों का रजिस्ट्रेशन करना है।

## श्रद्धालु द्वारिका, नागेश्वर, भेंट द्वारिका के भी करेंगे दर्शन

# गुजरात के सोमनाथ धाम में हुआ भंडारा सम्पन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमनाथ मे शिवार्चन के समापन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे स्वामी नारायण गुरूकुल ट्रस्ट में अध्ययनरत लगभग 251 कन्याओं और 50 आचार्य 151 ब्राह्मण और 50 साधुओ के साथ उपस्थित सैकडो लोगो ने प्रसादी ग्रहण की। अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर भंडारे मे सम्माननीय भक्ति प्रकाश स्वामी महंत जूना अखाडा के पूर्व महंत, सम्माननीय भक्ति किशोर जी शास्त्री कथा वाचक भी पधारे। उन्होने अपने आशीष बचनो से सभी को सम्बोधित किया। मुरलीसिंह, लाल साहब, पर्बत सिंह, निर्भय सिंह ने बताया कि आज रघुवंशी समाज के सोमनाथ से 200 व्यक्ति द्वारका ,नागेश्वर,भेंट द्वारिका आदि स्थानो के दर्शनो के लिए बस द्वारा रवाना हुए और मंगलबार 29 जुलाई को सुबह 8 बजे ट्रेन द्वारा गंजबासौदा पहुचेंगें। वहीं शिवार्चन की पूर्ण आहुति के अवसर पर मुख्य आचार्य पं प्रमेहानंद शास्त्री ने कहा कि यह भगवान महादेव शिव तो पूज्य है ही उन्होने प्रत्येक प्राणी को पूज्यनीय बना दिया जो उनकी शरण मे आया। शिव आश्रय लेने पर बक्र चन्द्र अर्थात वो चन्द्रमा जिसमे अनेक विकृतियां अनेक दोष है पर वो वंदनीय बन गये, जिसे मनुष्य का जन्मजात शत्रु माना जाता है, वही सर्प जब भगवान की शरण में जाता है तो गले का हार बन जाता है और पूज्यनीय बन जाता है ,भगवान शिव अपने आश्रितो को केवल पुजारी बनाकर ही नही रखते अपितु उन्हे पूज्य भी बना देते हैं। हमें भी यथा संभव दूसरों का सम्मान एवं सहयोग करना चाहिए। जीवन इस प्रकार का हो कि आपसे मिलने के बाद सामने वाले का हृदय उत्साह, प्रसन्नता और आनंद से परिपूर्ण हो जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालाराम, देबीसिंह, रेबाराम, लखनसिंह, महेन्द्र प्रतापसिंह, मुन्नादादा, कमलेश सिंह आदि शामिल हैं।

### डॉ कलाम की पुण्यतिथि पर फल वितरण आज



**गंजबासौदा।** रविवार 27 जुलाई को मिसाइल मैन भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि पर गंजबासौदा के शासकीय अस्पताल में दोपहर 12:30 बजे फल वितरण एवं पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समीर किरमानी ने भाजपा के जिले के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, पार्षद गण, नगर मंडल के पदाधिकारी, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा और समस्त मातृशक्ति समस्त कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# पीओपी की मूर्तियां बनाने से परहेज रखें मूर्तिकार होगी जब्ती और चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** गणेश उत्सव से पूर्व नगर पालिका परिषद में आयोजित बैठक के दौरान मूर्तिकारों को प्लास्टर ऑफ पेरिस यानी पीओपी की मूर्तियां ना बनाने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि अगर कोई मूर्तिकार पीओपी से मूर्ति बनाते पाया गया तो उसके खिलाफ जब्ती और चालानी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने मूर्तिकारों से कहा कि सभी मिट्टी से बनी प्रतिमाएं बनाएं और उनकी ऊंचाई 6 फीट से ज्यादा न रखें। ताकि झांकी स्थल और विसर्जन के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी उत्पन्न ना हो। बैठक में ही वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने सभी मूर्तिकारों को विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रभारी विपिन स्वामी को निर्देशित किया। इसके बाद सभी के ऑनलाइन फॉर्म भरे गए। इस मौके पर नपा के स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा ने कहा कि पीओपी से बनी प्रतिमाएं पानी में घुलती नहीं है और मिट्टी से बनी प्रतिमाएं पानी में जल्दी घुल जाती है। पीओपी से जल प्रदूषित हो जाता है। बैठक में नगर की मूर्तिकारों को शान द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, पार्षद नारायण सोनी, मनीष विश्वकर्मा जावेद खान मौजूद रहे।



आवश्यकता है
सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग मैनेजर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति संपर्क करे
पता:- सिटी सेंटर कॉलोनी, पचमा बाईपास रोड गंज बासौदा
मोबाइल नंबर:- 9479915485,6261117207

## वरिष्ठ समाजसेवी स्व सैनानी की पुण्यतिथि पर किए गए अनेकों कार्यक्रम आयोजित

# पुण्यतिथि पर पौधरोपण करना सार्थक और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यः आहान





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

वरिष्ठ शिक्षाविद ,समाजसेवी स्व निर्मल कुमार जैन सैनानी की 18 वी पुण्यतिथि के अवसर पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। सैनानी परिवार द्वारा सुबह दिगम्बर जैन बडा मंदिर में शांतिधारा अभिषेक के बाद शांतिनाथ विधान किया गया। तो वही दोपहर में भगताम्बर पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबों को भोजन वितरण किया। साथ ही नगर के आरोन रोड स्थित संत सुधा सागर गौशाला में गायो को चारो व हरी सब्जियो खिलाई गई। इसी के साथ सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल के संस्थापक स्व निर्मल कुमार जैन सैनानी की स्मृति में स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया और स्कूल के बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर चैना रानी जैन,वरिष्ठ समाजसेवी राज कुमार जैन गुरधानी, सुधा जैन गुरधानी,सुनिल जैन गुरधानी,मीना जैन गुरधानी, राजीव जैन सैनानी, नम्रता जैन सैनानी, सुबोध जैन, मंजू जैन,श्रीमति अल्का अनिल जैन,जिनी जैन,आहान जैन सैनानी आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्य

सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में पौधारोपण के दौरान युवा समाजसेवी आहान जैन ने कहा कि आज मेरे दादा जी की 18वी पुण्यतिथि के अवसर पर मेरे द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर पौधारोपण करना एक बहुत ही सार्थक और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्य है। यह न केवल दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने का एक तरीका है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। पौधारोपण मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखता है, बल्कि हमें फल, फूल, लकड़ी और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी प्रदान करता है। पौधारोपण से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जल संरक्षण में भी मदद मिलती है।

## नवांकुर सखियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण करन का संकल्प, निकली हरियाली यात्रा




**सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कादरपुर एवं नवांकुर संस्था गरेठा द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम के तहत ग्राम कदरपुर में नवांकुर सखीओ द्वारा हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सभी नवांकुर सखियों द्वारा प्रकृति हेतु भजन गाए गए एवं जन कल्याण सेवा समिति द्वारा सभी नवांकुर सखिओ को पौधा भेंट किया गए और संकल्प दिलाया गया कि सभी इस पौधे का संरक्षण करेंगे और हर घर में एक पौधा अवश्य लगवाएंगे। नवांकुर सखी द्वारा प्रकृति के संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। तो वही ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी द्वारा नवांकुर संस्था जन कल्याण समाज सेवा समिति गरेठा से अंकेश पटेल संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति सिरोंज से राम चरण कुर्मी कार्यक्रम में कादरपुर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य गुड्डु खान शिक्षक रिजवान खान,प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रतनलाल साहू,रामकृष्ण पटेल समिति के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। साथ ही नवांकुर सखिया भी उपस्थित रही और ग्रामीणजनो ने भी सहभागिता रही।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था ने किया पौधरोपण




**सिरोंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया द्वारा हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर ग्राम प्याराखेड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्रामीणों ने पौधारोपण गया। जिसमें खैर,कनेर,पपीता,नीम के अनेको पौधे लगाए गए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि हर व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाए और कहीं भी वृक्षारोपण अभियान में शामिल हों, और दूसरों को भी व्रक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित करें। छोटे-छोटे कदम भी मायने रखते हैं। आखिरकार, यह कार्य हम सबका है और इसकी देखभाल करना हम पर ही निर्भर है। सोचिए, अगर हम सब मिलकर एक-एक पेड़ लगाएँ, तो कितने पेड़ लग जायेंगे और इसकी शुरुआत हम और आपसे ही होती है। घटोईया बाबा के चबूतरा के पास लगाये गैंदा कनेर के पौधे की जिम्मेदारी बब्लू लोधी द्वारा ली गई। इस मौके पर बसंती लाल, ब्रजेश लोधी, राज कुमार, अमित लोधी, सतीष लोधी, अरुण, अंश, सरल, ऋषिराज, अनमोल, अनिकेत, करण, विजय आदि लोग मौजूद थे।

## सीएम राईज में एक दिवसीय आधार संशोधन शिविर आयोजन

### योजनाओं, सेवा और डिजिटल प्रमाणीकरण का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

नगर के शासकीय सीएम राईज स्कूल में छात्र-छात्राओं के नए आधार कार्ड बनाने और मौजूदा आधार कार्ड में संशोधन के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आधार ऑपरेटर अब्दुल अलीम द्वारा छात्रों के आधार कार्ड बनाने और संशोधन का कार्य किया। तो वही इस शिविर को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर, शिक्षिका तर्ज्व सुल्ताना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर में विशेष रूप से 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक, मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। साथ ही शिविर में आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों की आधार अपडेट नामांकन की आवश्यकताओं की पूर्ति भी की गई। तो वही वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर एवं शिक्षिका तर्ज्व सुल्ताना ने छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड के महत्व बताते हुए कहा कि आधार कार्ड भारत में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान करता है। इसका उपयोग पहचान, पते और उम्र के प्रमाण के रूप में किया जाता है, और यह विभिन्न सरकारी योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और डिजिटल प्रमाणीकरण का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। आधार कार्ड एक वैध पहचान और पते का प्रमाण है, जो सरकारी और निजी दोनों सेवाओं के लिए आवश्यक है। आधार कार्ड धारकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे कि सब्सिडी, पेंशन, और छात्रवृत्ति का लाभ उठाने में मदद करता है। आधार वित्तीय संस्थानों में बैंक खाते खोलने, ऋण प्राप्त करने और अन्य वित्तीय लेनदेन करने के लिए आवश्यक है। आधार कार्ड का उपयोग ऑनलाइन सेवाओं, जैसे कि आयकर रिटर्न दाखिल करने और अन्य सरकारी पोर्टलों के लिए डिजिटल प्रमाणीकरण के लिए किया जाता है।

## श्री राम जानकी रास बिहारी मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी नागपंचमी

**सिरोंज।** नगर के छिपेटी बाजार स्थित श्री राम जानकी रास बिहारी मंदिर मंगलवार को नाग पंचमी धूमधाम से मनाई जाएगी। तो वही चौरसिया समाज के लोगों,बच्चों,महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं पूरे सप्ताह करवाई जा रही हैं एवं नाग पंचमी के पर्व पर सुबह 10 बजे से प्रथम पूजनबोली होगी,पूजन एवं महा आरती एवं उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम,पुरस्कार वितरण,मेधावी छात्र,छात्राओं का सम्मान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर कुरवाई विधायक ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कुरवाई।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विधायक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक हरि सिंह सप्रे ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह सप्रे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अपने अदम्य साहस और बलिदान से देश की रक्षा की। उनका यह बलिदान सदैव अमर रहेगा। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक विनोद जैन, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन कुरवाई भाजपा मंडल के तत्वावधान में किया गया। अंत में आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी ने व्यक्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्यारसपुर में शराब ठेकेदार मनमानी पर उतारू, आबकारी विभाग खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़




तहसील मुख्यालय ग्यारसपुर में शराब बिक्री से जुड़ी अनियमितताओं ने आबकारी विभग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यहां संचालित दो शराब दुकानों पर तयशुदा कीमतों से ज्यादा दाम वसूले जा रहे हैं और आबकारी विभाग के कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। शराब माफिया की मनमानी अब खुलेआम लूट का रूप ले चुकी है।

स्थानीय लोगों की मानें तो ठेकेदार झंडेल सिंह गुर्जर द्वारा संचालित दुकानों पर 75 की कीमत वाला प्लेन क्वार्टर 90 में बेचा जा रहा है। यह सीधे तौर पर शासन के निर्देशों और मूल्य निर्धारण प्रणाली का उल्लंघन है। आश्चर्य की बात यह है कि दोनों दुकानों पर रेट लिस्ट बोर्ड तक नहीं लगे हैं, जिससे ग्राहक ठगी का शिकार हो रहे हैं। यदि कोई बिल मांगता है तो कर्मचारियों द्वारा उसे साफ इनकार कर दिया जाता है।

मामला सिर्फ मुख्यालय तक ही सीमित नहीं है। सूत्रों की मानें तो ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के लगभग दर्जनभर गांवों में भी वाहन के माध्यम से अवैध शराब की आपूर्ति करवाई जा रही है। इससे न केवल कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाया जा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक विघटन की स्थितियां भी उत्पन्न हो रही हैं। स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग की खामोशी कई सवाल खड़े करती है। क्या उन्हें इस लूट की जानकारी नहीं है, या जानबूझकर आंखें मूंद ली गई हैं? इस गंभीर मामले को लेकर जब आबकारी उप निरीक्षक सुनील चौहान से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा आपके माध्यम से जानकारी मिली है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस बयान ने विभाग की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है। यह देखना अब महत्वपूर्ण होगा कि क्या शिकायत के बाद प्रशासन जागता है या फिर जनता यूं ही मनमाने दामों पर लुटती रहेगी। ग्यारसपुर में चल रही शराब बिक्री की यह व्यवस्था न केवल अव्यवस्थित है, बल्कि आमजन के विश्वास और शासन की नीतियों पर भी करारा प्रहार है।

## जागरुकता के लिए हुई नवोदय में प्रतियोगिताएं

**शमशाबाद।** नशे के विरुद्ध तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जनचेतना लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत शमशाबाद पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में नशा मुक्ति पर छात्रों में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुलिस टीम द्वार पेंटिग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़े उत्साह के साथ भाग लिया और सुंदर-सुदर रंगोली व पेटिंग के माध्यम से नशा किस प्रकार जीवन खराब करता है ये संदेश दिया गया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एवं विद्यालय प्राचार्य जितेन्द्र कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य विनोद कुमार तिवारी के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक मनोज वर्मा, सर्वेश त्रिपाठी, डॉ. केपीएस चौहान, उर्वशी चौहान ने विशेष सहयोग दिया।

## विधायक करेंगे पंचायत भवन का भूमिपूजन

**नटेरन।** शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा रविवार को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत सिलवाय खजूरी पहुंचकर लगभग 37.50 लाख की लागत के नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन करेंगे। ग्राम के लोगों की जन समस्याओं को भी सुनेंगे एवं उनका निराकरण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि गण सरपंच गण सभी अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कारगिल विजय दिवस पर भाजपाईयों ने मशाल जलाकर शहीदों को याद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कारगिल विजय दिवस शहीद ज्योतिस्तंभ पर मसाल जुलूस निकालकर मनाया गया। इस अवसर पर 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेश मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, दिनेश कुशवाह, जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, पंकज पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरव माहेश्वरी, अनुज मित्तल, पार्षद रामप्रसाद पासी, रमेश रैकवार, राजू रैकवार, अमित रिछारिया, मोहन पटवा, लियाकत खान, वीरेंद्र धाकड़ मिर्ची सेठ, अरविंद शर्मा, गोविंद राजपूत, सोम सोनी, मनीष धाकड़, भूपत धाकड़ सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठजन पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता व पूर्व मंडी अध्यक्ष रघुवंशी का निधन



**कस्बा बागरोद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गंजबासौदा मंडी के पूर्व अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी का निधन हो गया है। श्री रघुवंशी के कार्यकाल को याद करते हुए पूर्व सरपंच डॉ रघुवीर शरण कानूनगो ने बताया की किसानों के हित में स्व. कमल सिंह ने अनेकों काम किए। वह सिद्धांतवादी, साहसी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति पूरी तरह समर्पित कांग्रेसी नेता थे। उनका इस लोक से जाना कांग्रेस पार्टी एवं क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन पर राकेश व्यास, मुवसर हुसैन मानसिंह पटेल बुढी बागरोद, राम भरोसी विश्वकर्मा, दीपक श्रीवास्तव आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## नीतेश नामदेव बने प्रदेश मीडिया प्रभारी



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** अखिल भारतीय दर्जी नामदेव युवा महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों और प्रदेश कार्यकारिणी की अनुशंसा के आधार पर नितेश नामदेव को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नितेश नामदेव प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने पर जितेंद्र रघुवंशी, विकेश चौकसे, कमलेश मालवीय, सत्येंद्र नामदेव, कमल सिंह धाकड़, बृजेंद्र सिंह रघुवंशी, रानू नामदेव, मोनू लोधी, अभिषेक सेन, अखिलेश रघुवंशी सहित समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हे बधाई दी है।

## स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्राचार्य हुए सम्मानित

**कुरवाई।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ विदिशा के तत्वाधान में संस्था प्रधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कुरवाई, नटेरन एवं ग्यारसपुर के प्राचार्य सम्मिलित हुए। संगोष्ठी में नवागत जिला शिक्षाधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट एस पी सिंह जाटव का स्वागत स्कार्फ एवं स्काउट कैप पहनाकर किया गया। संगोष्ठी के दौरान भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित संभागीय रैली में स्काउट गाइड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के सहभागी रहे संस्था प्रधान, के.सिंह प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा, आशीष सक्सेना प्राचार्य पी एम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद, जे पी नेमा प्राचार्य संदीपनी विद्यालय ग्यारसपुर, रामगोपाल कुर्मी प्राचार्य संदीपनी विद्यालय नटेरन, रश्मिकांत श्रीवास्तव प्राचार्य संदीपनी विद्यालय कुरवाई, रीता शर्मा प्राचार्य हाई स्कूल पलोह, भूपेंद्र सिंह धाकड़ प्राचार्य हाई स्कूल अहमदनगर, महेंद्र सिंह रघुवंशी प्राचार्य नवांकुर, डॉल्फिन विद्यालय बासौदा को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त अनीता पटले ने किया एवं आभार जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।




## सेऊ से कांवडिए आज जाएंगे देवपुर बाबा विश्वनाथ के धाम

**नटेरन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम सेऊ से आज रविवार को लगभग 400 कांवडिए साकेत हनुमान मंदिर से जल लेकर अभिषेक के लिए बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए रवाना होंगे। यात्रा सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। श्री साकेत हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना के पश्चात यह कावड़ यात्रा ग्राम के सभी चौक चौराहों से होती हुई देवपुर के लिए रवाना होगी। जानकारी के अनुसार इस कांवड़ यात्रा का रात्रि विश्राम महामाई मंदिर सिरोंज में होगा। सोमवार को सुबह 11 बजे देवपुर बाबा विश्वनाथ पहुंचकर उनका अभिषेक एवं पूजा अर्चना करेंगे।

## ओआरएस दस्त और उल्टी से होने वाली मौतों का सरल समाधान, भविष्य के स्वास्थ्य का वरदानः डॉ. एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। जागरुकता सप्ताह के तहत जानकारी देते हुए चिकित्सक।

विश्व ओआरएस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जिला अस्पताल के शिशु वार्ड और चहक क्लिनिक में एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आईएपी विदिशा अध्यक्ष एवं आईएमए मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. एमके जैन ने कहा कि ओआरएस एक जीवन रक्षक घोल है, जो दस्त, उल्टी और लू जैसी स्थितियों में शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थों की पूर्ति कर जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। डॉ. जैन ने बताया कि ओआरएस केवल रेडीमेड पैकेट तक सीमित नहीं है। घरों में आसानी से उपलब्ध तरल पदार्थ जैसे पतली दाल, चावल का माड़, नींबू पानी, दही-मट्ठा, नारियल पानी और हल्की चाय आदि भी उपयोगी हैं। इस वर्ष की थीम है ओआरएस एक साधारण घोल, लेकिन भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए वरदान, और नारा दिया गया है।

जरूरत के समय ओआरएस पिएं, और मजबूत बने रहें। आईएपी सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि 25 से 31 जुलाई तक मनाए जा रहे इस सप्ताह का उद्देश्य है दस्त, उल्टी, बुखार या लू के कारण शरीर में आने वाली पानी, लवण और ग्लूकोज की कमी को समय पर पूरा कर मौतों से बचाना। उन्होंने कहा कि ओआरएस के साथ 14 दिन तक जिंक की गोली का सेवन भी जरूरी है। शिशु वार्ड के चिकित्सक डॉ. रूपेश ने बताया कि ओआरएस का घोल उबले व ठंडे किए पानी में बना कर साफ ढक्कन वाले बर्तन में रखा जाना चाहिए और 24 घंटे के भीतर उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को बोतल से दूध नहीं पिलाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ता है। जन्म से 6 माह तक केवल मां का दूध और उसके बाद घर का बना पौष्टिक भोजन देना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीज, उनके परिजन और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



## भारी बारिश से बढ़ा बारना का जलस्तर दूसरी बार फिर खोलने पड़े डैम के गेट

# 6 गेट खोलकर छोड़ा 40 हजार क्यूसिक पानी

### 40,000 क्यूसेक पानी 6 गेट से छोड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बाड़ी स्थित बारना डैम जो पूरे क्षेत्र को पानी देता है डेम का जल स्तर पूरा हो गया जिसके बाद 6 गेट 1.5-1.5 मीटर खोले गए, जिससे 40 हजार क्यूसेक मीटर पानी छोड़ा जा रहा है। यदि जल स्तर बढ़ता है तो जुलाई माह की क्षमता के हिसाब से गेट की ऊंचाई को ओर बढ़ाना पड़ेगा। बारना डेम में पानी औबेदुल्लागंज - गौहरगंज - सुल्तानपुर की बारिश पर निर्भर रहता है। यदि इस क्षेत्र में बारिश तेज होती है, तो डेम का जल स्तर तेजी से बढ़ता हैं।

बारना के सभी गेट खोले गए तो यह पानी बाड़ी से बरेली होते हुए नर्मदा नदी में मिलता है। यदि नर्मदा नदी का जल स्तर बढ़ने पर बारना डेम का जल रुकता है। इस स्थिति में सबसे पहले बरेली की पुरानी बस्ती में जल भराव होता है यहां लोगों को परेशानी हो सकती है। वहीं यह पानी फैलता है, दर्जनों गांवों को प्रभावित करता है जिसके परिणाम हम पूर्व में देख चुके हैं।

**फैक्ट फाइल**

- डेढ़-डेढ़ मीटर खोले बारना डैम के 6 गेटों से छोड़ा जा रहा पानी
- क्षेत्र में भारी बारिश के चलते लबालब हुआ डैम।
- डैम के पानी से होती है औबेदुल्लागंज, गौहरगंज एवं सुल्तानपुर, जिला सीहोर क्षेत्र के किसानों को मिलता है पानी।
- बारना डैम का पानी मिलता है नर्मदा नदी में मिलता है।
- बारना डैम से पानी छोड़े जाने से बरेली की निचली बस्तियों में भराता है पानी।



## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर पर कांवड़ यात्रा का भव्य हुआ स्वागत

**सांची।** विदिशा के चरण तीर्थ धाम से प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा उज्जैन के लिए प्रस्थान हुई कांवड़ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। सांची में शिव मंदिर चौराहे पर नगर के सभी सम्माननीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। सभी कावड़ यात्रियों को रोक कर मंदिर प्रांगण में माला पहनकर फलाहार नाश्ता चाय आदि का स्वागत किया। श्रावण मास के शुभ अवसर पर सभी क्षेत्रों में कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। सांची में स्वागत करने में नायब तहसीलदार ललित सक्सेना नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत जवाहर सिंह चौहान प्रेम प्रकाश राय वीरेंद्र तोमर नरेश राजपूत सुशील त्रिवेदी आदि सम्माननीय लोग द्वारा स्वागत किया गया।

### सरस्वती स्कूल में मनाया करगिल विजय दिवस

**बरेली।** सरस्वती शिशु मंदिर हा.से. स्कूल में करगिल विजय दिवस उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय के भैया बहिनों, प्राचार्य, आचार्य, दीदियों एवं संस्था के पदाधिकारियों ने शहीद स्तंभ पर पहुंच कर वीर शहीद सैनिकों को पुष्प अर्पित कर नमन और श्रद्धांजली अर्पित की गई। विद्यालय में हुए करगिल विजय दिवस कार्यक्रम में संस्था के सचिव हीरेन्द्र मालवीय एवं प्राचार्य जयप्रकाश दुबे ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि करगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की बडी विजय हुई थी। जिस हम स्मरण करते है। करगिल युद्ध में सेकडो भारतीय सैनिकों ने दुर्गम पहाडियों पर पहुंच कर अपने जीवन का बलिदान किया और वीर सैनिकों द्वारा करगिल की उंची पहाडियों पर आज ही के दिन राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया था। इसलिए देश के वीर सैनिकों का उनके सम्मान में स्मरण करते है। प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी, भारती सोनी, दीपा ठाकुर की उपस्थिति में भैया बहिनों द्वारा उत्साहपूर्वक करगिल विजय दिवस मनाया गया।

### नपा अमले ने 3 दिन में पकड़े 34 आवारा मवेशी

**रायसेन।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहले दिन नगर पालिका ने एलाइंस मुनादी पिटवाकर पशु मालिकों को कचरा संग्रहण वाहनों से डोर टू डोर द सूचना दी। लगातार पिछले तीन दिनों से नगर पालिका के अमले ने आवारा पशुओं को पकड़कर वाहनों में भरकर गोशाला भेजा। यह भी एलाउंस किया जा रहा है कि अपने पालतू पशुओं को घरों में खूंटे पर बांधकर रखें।यदि पशुओं को आवारा छोड़ा तो खैर नहीं। लापरवाह पशु मालिकों को पर 5000 जुर्माना की बात भी कही गई है। इसके अलावा गोशाला में 1000 जुर्माना रखा है। सूत्रों के मुताबिक पहले रोज 10 आवारा पशुओं को हाइवे और बायपास रायसेन, सागर भोपाल स्टेट हाइवे की सड़कों पर स्वछंद घूमते पकड़ा। इनमें 8 गाय, एक बछड़ा एक बछिया को पकड़कर गोशाला भिजवाया। दूसरे दिन 12 गाय, तीसरे रोज 12 आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा गया।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक केंद्रीय मंत्री चौहान की अध्यक्षता में संपन्न

# प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए : केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। दोपहर 1.13 बजे से रात 8 बजे तक लंबी बैठक चली, जिसमें सभी विभागों की बिन्दुबार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच चर्चा चली। लगभग 8 घंटे चली बैठक में शामिल हुए अधिकारी ऊबते नजर आए। बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने लापरवाह अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि किसानों को नकली खाद देने वालों और खाद की कालाबाजारी करने को बख्शा नहीं जाएगा। गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। अब कोई गरीब कच्चे घरों में नहीं रहेगा, उन्हें पक्के मकान केंद्र और प्रदेश की सरकार बनाकर देगी।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवनिर्मित तथा निर्माणाधीन सड़कों के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 276.236 किमी लम्बाई की 30 सड़कें स्वीकृत की गई जिनमें से 28 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसी प्रकार योजना के तहत स्वीकृत किए गए 13 पुलों में से 09 पुलों का कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में एनएचएआई के कार्यो की भी समीक्षा की गई।

**नकली खाद बेचना महापाप, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें :** केन्द्रीय मंत्री ने जिले में कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान योजनावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में खरीफ-2025 में धान, सोयाबीन, मक्का आदि फसलों की बोवनी की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था हो।

किसानों को खाद सुगमता से उपलब्ध हो। केन्द्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि जिले में खाद की कालाबाजारी ना हो, वितरण में भेदभाव ना हो और नकली खाद का विक्रय ना हो। खाद की कालाबाजारी या नकली खाद बेचकर किसानों के साथ महापाप करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने जिले में मूंग उपार्जन कार्य की भी जानकारी ली तथा उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में अधिकारियों द्वारा मूंग उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

**खास बातें**

- रायसेन जिले को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल बनाएं
- नकली खाद बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगी। : केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान





बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, यशवंत मीणा, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेन्द्र पटवा, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, एसपी पंकज पांडे सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने शिवराज सिंह का स्वागत किया।

### देरी से पहुंचे अधिकारियों को किया बैठक से बाहर

दिशा समिति की बैठक में जब एकेवीएन, डब्ल्यूआरडी के अधिकारियों को बुलाया तब अफसर ज्यादातर गायब रहे। बैठक में अधिकांश अधिकारी देरी से आने के कारण बाहर कुर्सियों पर बैठे गपशप करते नजर आए तो कुछ मोबाइल चलाकर टाइम पास करते दिखाई दिए।

### *20 सालों से भटक रहा गरीब मजदूर पर आवास मंजूर नहीं*

*ग्राम पंचायत मऊ पथरई के ग्राम सुण्ड (अजायब नगर) के गरीब मजदूर महाराम सिंह पिता गोरेलाल अहिरवार ने केंद्रीय कृषि शिवराज सिंह चौहान को आवेदन दिया है। आवेदन में उसने बताया कि वह बीते करीब 20 सालों से आवास योजना के लिए भटक रहा है, लेकिन उसको गांव की सरकार द्वारा आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उसने पंचायत सचिव भगवत सिंह ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने इन्हें 5-6 बार आवास योजना के लिए आवेदन दिया, लेकिन योजना का लाभ नहीं मिला है।*





### विधायक देवेंद्र पटेल ने दिशा समिति बैठक का किया बहिष्कार लगाए मनमर्जी के आरोप

*सिलवानी सीट से कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ने दिशा समिति की बैठक का बहिष्कार कर दिया। आपको यह बता दें कि कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल शनिवार सुबह करीब 11 बजे बैठक में शामिल होने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं मिला और न ही बैठक तय समय पर प्रारंभ हुई। बैठक की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कांग्रेस विधायक पटेल को बैठक की कोई जानकारी भी नहीं दी। इससे नाराज होकर विधायक पटेल ने बैठक से वापसी का निर्णय लिया। उन्होंने अपना अपमान महसूस करते हुए कहा कि यह व्यवहार जनप्रतिनिधि के साथ अनुचित है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर मनमानी और लापरवाही के भी आरोप लगाए हैं।*

## व्यापारियों के बीच चलाया नशे से दूरी है जरूरी, जागरूकता अभियान

◆ व्यापारियों को दिलाई गई नशा छोड़ने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पुलिस द्वारा नशे से दूरी है, जरूरी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को नगर के बडा बाजार में पुलिस अधिकारियों, व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने दुकान-दुकान पहुंच कर नशे से दूरी, नशा प्रवृति से होने वाले दुष्परिणामों की चर्चा और समझाईस दी गई। व्यापारियों को सामुहिक रूप से नशा प्रवृति से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय, किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज राय, युवा व्यापारी अंकित मनाली, अंकुर जैन, अमित चंदेल, दीपक वर्मा सहित अन्य व्यापारियों की उपस्थिति रही। दुकान-दुकान जाकर नशे से दूर रहने, नशा करने से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

एसडीओपी मुकाती ने कहा कि नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए सभी की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। इसमें व्यापारियों के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग आवश्यक है। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने व्यापारियों से नशा से जुडी अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया।




### व्यापारियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

व्यापारियों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, नशे से दूरी क्यों जरूरी है। दुकानों पर संपर्क संवाद के बाद सभी व्यापारियों ने एक स्थान पर एकत्रित होकर नशा से दूर रहने और समाज को भी नशा प्रवृति से दूर रहने की शपथ ली। पुलिस अधिकारियों, जवानों ने आमजन, व्यापारियों के बीच पहुंचकर नशा से दूर रहने व्यापक अभियान चलाया गया।

## बागड़ से डंडा निकालने पर मारपीट में एक युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

राजीव नगर में बागड़ में से डंडा निकालने की बात जमकर मारपीट की घटना हो गई। जिसमें एक युवक के सिर में चोटें आ गई। पुलिस ने फरियादी गोलू पिता विजय अहिरवार की रिपोर्ट पर आरोपी रघुवीर आदिवासी के विरुद्ध धारा मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गोलू अहिरवार रात के समय अपनी पत्नी सपना और मां जमुना के साथ घर राजीवनगर जा रहा था। रास्ते में उन पर जब कुत्ते भौंकने लगे तो गोलू ने रघुवीर की बागड़ से एक डंडा निकालकर कुत्तों को भगाया। इतने में रघुवीर घर के बाहर आ गया और बागड़ से डंडा निकालने पर गाली गलौच करने लगा। फरियादी ने गाली बकने से मना किया तो आरोपी रघुवीर ने उसी डंडे से गोलू की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से गोलू के सिर और आंखों में चोटें आ गईं, जिसको इलाज के लिए सांची भेजा।

## नालियों की सफाई का काम कर रहे सफाई कामगार

### नगर परिषद स्वच्छता अभियान को लेकर सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर की नालियों व सड़कों की सफाई को लेकर नगर परिषद एक्टिव मोड़ पर देखी जा रही है। तेज बारिश का पानी सड़कों पर ना रुके तथा घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में ना भरावे इसको लेकर नगर परिषद गंभीरता के साथ सफाई अभियान संचालित कर रही है।

अभियान के तहत वार्ड नंबर 14 के बस स्टैंड क्षेत्र सहित अन्य स्थानों कद नालियों व सड़कों की सफाई कामगारों के द्वारा की जा रही है। आवश्यता अनुसार जेसीबी मशीन का उपयोग भी सफाई कार्य में किया जा रहा है।

नप सीएमओ ऋषिकांत यादव ने बताया कि सफाई कार्य नियमित कराया जा रहा है। डोर टू डोर जाकर कचरा वाहन नगर से निकलने वाले कचरे का कलेक्शन कर रहे है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वह कचरे को सड़कों पर ना फैंके, बल्कि कचरा वाहन में ही कचरा डाले।



## अधिकारी ने कहा- दो रेलवे रैक से मिलेगा 4 हजार मीट्रिक टन खाद

# यूरिया खाद की जद्दोजहद : दिन का चैन, रात की नींद हराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में यूरिया खाद का संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यूरिया की जद्दोजहद में किसानों का दिन का चैन और रात की नींद हराम हो रही है। इधर उपसंचालक कृषि अधिकारी केवी भगत ने कहा कि जिले में यूरिया की किल्लत नहीं होने देंगे। जिले में निजी विक्रेताओं के यहां कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उनकी निगरानी में ही उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है।

जिले में कहीं भी निर्धारित दर से अधिक कीमत पर विक्रय करने या अन्य उर्वरकों की टैगिंग करते पाए जाने पर तत्काल कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले में अभी इस वर्ष कार्यवाही करते हुए कालाबाजारी, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण पर 5 एफआईआर दर्ज कराई गई है। 13 लाइसेंस निरस्त एवं 14 लाइसेंस निलंबित किए हैं। यूरिया की जद्दोजहद में किसानों के दिन का चैन और रात की नींद खत्म हो गई है। किसान गुरुवार शुक्रवार को मार्केटिंग वितरण केंद्र और सहकारी समिति की कतार में नजर आया।

खाद वितरण गोदाम सलामतपुर कृषि मंडी रायसेन की एमपी एग्रो समेत अन्य केन्द्रों पर प्रशासन की निगाहें रहीं। अधिकारियों ने ड्यूटी की। प्रशासन ने दो दिन में अभी रेलवे रैक से चार हजार मीट्रिक टन खाद आने की उम्मीद है। सुबह से लाइन लगाकर खड़े किसानों ने कहा- प्रशासन को इंतजाम करना चाहिए।




### इनका कहना है

यूरिया, डीएपी अन्य खाद की मंडीदीप, सांची ट्रेन से दो रैक आने वाली है। किसानों को खाद गोदाम से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराई जाएगी। जिले की सोसायटियों में खाद लगातार भेजी जा रही है।

**कल्याण सिंह ठाकुर,** डीएमओ जिला विपणन विभाग रायसेन।

### किसानों ने बताई समस्या

*किसान काफी समय से यूरिया का इंतजार कर रहे थे। अब खाद मिल रहा है, तो काफी भीड़ है। किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद दिया जाना चाहिए।*
*- **जगदीश गौर**, किसान परसौरा।*

*यदि ये यूरिया स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होती तो हमें मार्केटिंग सोसाइटी में नहीं आना पड़ता। फिलहाल लाइन में खड़े हैं। कब नंबर आएगा।*
*- **रमेश लोधी**, हरिनगर।*

*हम सुबह गांव से यूरिया के निकले हैं। न भूख की चिंता और प्यास लग रही है। बस यूरिया मिल जाए तो हमारी फसल बच जाए। इस भावना को लेकर आए हैं।*
*- **शेर सिंह लोधी**, कानपोहरा।*

*फसल को रफ्तार देने यूरिया की जरूरत है। खाद न मिलने से भूखे-प्यासे ही लौट आए। आखिर यही हमारी रोजी रोटी है। इसके बिना खेती कैसे होगी।*
*- **चरण सिंह धुर्वे**, रतनपुर*